सेरा वीक के दौरान वेदांता के चेयरमैन ने भारत की ऊर्जा क्षमता के सदुपयोग के लिए भारत एवं यूएस के बीच साझेदारियों का आह्वान किया



भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। सेरा वीक के दौरान वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने विश्वस्तरीय साझेदारियों, टेक्नोलॉजी एवं निर्णायक कार्यान्वयन के माध्यम से भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को गति प्रदान करने पर जोर दिया। इस प्लेटफॉर्म के अनूठे महत्व पर रोशनी डालते हुए उन्होंने कहा सेरा वीक जिस तरह से लोगों को एक मंच पर लाता है, ऐसा बहुत कम फोरम कर पाते हैं। जिन चीजों को हासिल करने में कंपनियों को शायद सालों लग जाएं, यहां वे कुछ ही दिनों में उन उपलब्धियों को हासिल कर लेती हैं। सेरा में एनर्जी, प्रतिभा और 'आओ एक साथ मिलकर कर इसे अंजाम दें' की सोच ही इन उपलब्धियों में योगदान देती है, जो कहीं ओर देखने को नहीं मिलती। भारत को विकास के दीर्घकालिक मार्केट के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा, भारत की भू-संरचना बेहद मजबूत है, देश के पास अपार भंडार और गहन तकनीकी प्रतिभा है।